243
232

मध्यप्रदेश शासन
सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय
वल्लभ भवन, भोपाल–462004

क्र0 एफ–7–18/2013/आ.प्र./एक भोपाल, दिनांक 17 दिसम्बर, 2013

प्रति,

शासन के समस्त विभाग,
अध्यक्ष, राजस्व मण्डल, ग्वालियर,
समस्त संभागीय आयुक्त,
समस्त विभागाध्यक्ष,
समस्त जिला कलेक्टर,
समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचात,
मध्यप्रदेश।

विषयः–याचिका कमांक सी.सी.–8879/2007 में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिये गये आदेश का पालन बाबत।

––00––

माननीय उच्च न्यायालय, खण्डपीठ, इंदौर द्वारा याचिका क्रमांक WP No. 351/2002 श्री रामप्रकाश पहारिया विरूद्ध म0प्र0 शासन में पारित आदेश दिनांक 22.02.2007 के विरूद्ध मीना समाज सेवा संगठन द्वारा माननीय सर्वोच्च न्यायालय मे याचिका कमांक सी. सी.–8879/2007 दायर की गई है । उक्त याचिका में माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिनांक 21.04.2011 को निम्नानुसार अंतरिम आदेश पारित किये गये हैं :–

"The inquiry shall go on but no final order shall be passed without the permission of this court."

2/ अतः मीना जाति के जो अधिकारी/कर्मचारी मध्यप्रदेश के विदिशा जिले के सिंरोज सब–डिवीजन से जाति प्रमाण–पत्र प्राप्त कर विभिन्न सेवाओं में नियुक्ति पाकर सेवारत हैं, उनके विरूद्ध यदि जाति प्रमाण पत्र से संबधित जॉच प्रचलित है तो वह निरंतर रखी जाए, किन्तु ऐसे किसी भी प्रकरण में अंतिम आदेश माननीय सर्वोच्च न्यायालय की अनुमति के बाद ही जारी किये जाये ।

3/ कृपया माननीय उच्चतम न्यायालय के उक्त निर्णय का पालन सुनिश्चित किया जाए।

4/ यह भी अवगत कराया जाता है कि भारत सरकार की अधिसूचना (राजपत्र संख्या–10) दिनांक 08.01.2003 द्वारा मध्यप्रदेश की अनुसूचित जाति की सूची के कमांक–32 पर अंकित "मीना" जाति को सूची से विलोपित किया जा चुका है। अतः इस जाति के व्यक्तियों को अनुसूचित जनजाति के नवीन जाति प्रमाण–पत्र जारी नहीं किये जावे।

(आर.के.गजभिये)
उप सचिव
मध्यप्रदेश शासन
सामान्य प्रशासन विभाग

पृष्ठां क्रमांक एफ 7–18/2013/आप्र/एक, भोपाल, दिनांक 17 दिसम्बर, 2013

प्रतिलिपिः–

1. सचिव, महामहिम राज्यपाल, राजभवन, मध्यप्रदेश, भोपाल।
2. प्रमुख सचिव, माननीय मुख्यमंत्री जी, मध्यप्रदेश शासन, मंत्रालय भोपाल।
3. माननीय मंत्री/राज्यमंत्री के निज सचिव/निज सहायक मध्यप्रदेश भोपाल।
4. सचिव (समन्वय), मुख्य सचिव कार्यालय, मंत्रालय, मध्यप्रदेश शासन, भोपाल।
5. अध्यक्ष, मध्यप्रदेश व्यावसायिक परीक्षा मण्डल/अध्यक्ष, माध्यमिक शिक्षा मण्डल, भोपाल।
6. महानिदेशक, प्रशासन अकादमी, मध्यप्रदेश, भोपाल।
7. प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश विधानसभा सचिवालय, भोपाल।
8. रजिस्ट्रार जनरल, उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश, जबलपुर।
9. सचिव, लोकायुक्त, मध्यप्रदेश भोपाल।
10. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी/सचिव, राज्य निर्वाचन आयोग, म.प्र. भोपाल।
11. सचिव, मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, इंदौर।
12. निदेशक, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग क्षेत्रीय कार्यालय, कमरा नं. 309 निर्माण सदन, सीजीओ बिल्डिंग, 52–ए अरेरा हिल्स, भोपाल।
13. निदेशक, अनुसूचित जाति आयोग, क्षेत्रीय कार्यालय, फ्लेट नं. 103 तेजस्वी अपार्टमेंट, द्वितीय तल, द्वारकापुरी पूजा गुप्ता, हैदराबाद–500082।
14. सचिव, मध्यप्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग/अनुसूचित जनजाति आयोग/अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग, भोपाल।
15. महाधिवक्ता/उप महाधिवक्ता, मध्यप्रदेश जबलपुर/इन्दौर/ग्वालियर।
16. महालेखाकार, मध्यप्रदेश ग्वालियर/भोपाल।
17. प्रमुख सचिव/सचिव/उप सचिव, मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग।
18. आयुक्त, जनसंपर्क, मध्यप्रदेश, भोपाल।
19. प्रमुख सचिव/सचिव, म.प्र. शासन, आदिम जाति कल्याण विभाग/अनुसूचित जाति कल्याण/पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, भोपाल।
20. आयुक्त/संचालक, आदिवासी विकास/अनुसूचित जाति विकास/पिछड़ा वर्ग कल्याण, मध्यप्रदेश शासन।

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।

(आर.के. गजभिये)
उप सचिव
मध्यप्रदेश शासन,
सामान्य प्रशासन विभाग